हमीदिया गर्ल्स डिग्री कॉलेज में दिनांक 26. 11. 2021 को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ यूसुफा नफीस द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों यूनिट 041,042,043 की स्वयं सेविकाओं एवं उपस्थित संकायसदस्यों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही मोड में संविधान उद्देशिका का वाचन कराया गया। उन्होंने कहा कि आज के ही दिन 1949 में हमने संविधान को अपनाया था और यह हमारे देश का मार्गदर्शक है। भारतीय संविधान के बुनियादी मूल्यों को संरक्षित रखने और इसके अंतर्गत संप्रभुता, समाजवाद,धर्मनिरपेक्षतावादी, लोकतांत्रिक, गणतंत्र, न्याय, स्वतंत्रता, बंधुत्व और समानता की भावना के बारे में

विस्तार से बताया। और सभी स्वयं सेविकाओं एंव संकाय सदस्य एवं स्टाफ मेंबर और उपस्थित अभिभावकों ने संविधान में निहित लोकतांत्रिक आदर्शों एवं मूल्यों को संरक्षित रखने के लिए प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ इरम फरीद उस्मानी द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शरमीन फातमा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।